भारत सरकार
गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग
GOVT. OF INDIA
MINISTRY OF HOME AFFAIRS, DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू
CSIR-IIIM
TOWN OFFICIAL LANGUAGE IMPLEMENTATION COMMITTEE, JAMMU
संयोजक : सीएसआईआर-भारतीय समवेत औषध संस्थान, नहर मार्ग, जम्मू तवी-180 001 (भारत)
CONVENOR: CSIR- Indian Institute of Integrative Medicine, Canal Road, Jammu Tawi – 180 001 (INDIA)
दूरभाष : (0191) 2585006-13; फैक्स (0191) 2586333, 2585026. Phones : (0191) 2585006-13; Fax : (0191) 2586333, 2585026.
E-mail: ramasharma@iiim.ac.in; Website www.tolicjammu.org

संख्या/No: नराकास/जम्मू/बैठक/2019-राभा. दिनांक/Dated: 15.07.2019

कार्यालय:- भारतीय समवेत औषध संस्थान (आइ.आइ.आइ.एम.), नहर मार्ग, जम्मू-180001

सेवा में,

नराकास, जम्मू के केन्द्रीय कार्यालयें के अध्यक्षगण/हिन्दी अधिकारी/हिन्दी अनुवादक।

विषय:- **दिनांक 17 जून, 2019 को हुई नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू की बैठक के कार्यवृत्त।**

**Subject:- Minutes of the TOLIC, Jammu meeting held on 17th June, 2019.**

**महोदय/महोदया,**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू की बैठक दिनांक 17 जून, 2019 को अपराह्न 3.00 बजे सीएसआईआर-भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू के कॉन्फ्रेंस हॉल में सम्पन्न हुई। बैठक के कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है। कृपया बैठक में लिए गये निर्णयों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित् करवाएं।

कार्यवृत्त पर यदि किसी सदस्य को कोई सुझाव देना हो अथवा उनकी आपत्ति हो तो वह अपने सुझाव कार्यालय को दो सप्ताह के भीतर प्रेषित करें।

**Sir/Madam,**

The minutes of the meeting of 'Town Official Language Implementation Committee (TOLIC), Jammu' held on 17th June, 2019 at 3.00 PM in the Conference Hall of CSIR-IIIM, Jammu are enclosed herewith. You are requested to take necessary actions on the decisions taken in the said meeting accordingly.

Objections/Suggestions, if any, may please be intimated to this office within two weeks.

धन्यवाद/Thank you

भवदीय,
संजय 15/7/19
(सँजय शर्मा)
सदस्य-सचिव

**संलग्न:-** यथावर्णित बैठक के कार्यवृत्त।

**प्रति:-**

1. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू के कार्यालय प्रमुख।
2. उपनिदेशक (कार्यान्वयन), उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय-1 (दिल्ली), ए-149, सरोजनी नगर, नई दिल्ली-110023
3. संयुक्त सचिव (प्रशासन), वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्, अनुसंधान भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली-01
4. सचिव, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, लोक नायक भवन, खान मार्केट, नई दिल्ली-110003
5. भारत की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के अध्यक्ष ।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू
## सीएसआईआर-भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू

संख्या: नराकास/जम्मू/बैठक/2019/राभा. दिनांक: 21.06.2019

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू अर्द्धवार्षिक बैठक दिनांक 17 जून, 2019 के कार्यवृत्त।



भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), जम्मू की अर्द्धवार्षिक बैठक दिनांक 17 जून, 2019 (सोमवार) को सायं 3.00 बजे सीएसआईआर-भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू के कॉन्फ्रेंस हॉल में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक श्री रजनीश आनन्द ने की। इस अवसर पर श्री प्रमोद कुमार शर्मा, उप निदेशक (कार्या.) गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, नई दिल्ली से उपस्थित थे। श्री रजनीश कुमार गुप्ता, रक्षा लेखा उप नियंत्रक, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (उत्तरी कमान), सतवारी, जम्मू; डॉ. वी.सी.दीप, प्रभारी सहायक निदेशक, क्षेत्रीय आयुर्वेदीय मूत्रविकार अनुसंधान संस्थान, बनतालाब, जम्मू; सुश्री संगीता पुर्सवानी, उप महालेखाकार, कार्यालय महालेखाकार (लेखा व हकदारी), जम्मू; प्रो. शरद चन्द्र, सहाचार्य, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थानम्, जम्मू; डॉ. आर.एल.मीणा, हिन्दी प्राध्यापक व श्री संतोष कुमार, सहायक निदेशक (टं/आ.), हिन्दी शिक्षणयोजना, राजभाषा विभाग, बबलिया, गंग्याल, जम्मू एवं श्री राजेश कुमार गुप्ता, अनुभाग अधिकारी, भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू एवं नराकास के केन्द्रीय कार्यालयों के सभी कार्यालयाध्यक्ष/राजभाषा अधिकारी/हिन्दी अधिकारी/हिन्दी अनुवादक तथा प्रिन्ट व इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी संवाददाता तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित कार्यालय प्रमुखों एवं उपस्थित अधिकारियों का स्वागत श्री सँजय शर्मा, कार्यवाहक हिन्दी अधिकारी एवं सचिव, नराकास, जम्मू ने किया। उन्होंने अपने स्वागत में सभी मंचस्थ एवं अन्य उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए मंचस्थ अध्यक्ष महोदय को आमंत्रित किया कि वे कार्यक्रम व बैठक का दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत् शुभारंभ करें तथा मंच पर बैठे सभी अधिकारियों से भी निवेदन किया कि वे भी अध्यक्ष महोदय का साथ दें। दीप प्रज्ज्वलन हेतु श्री राजेश कुमार ने सहायता की।

तदुपरान्त अध्यक्ष महोदय की अनुमति से इस अर्द्धवार्षिक बैठक की कार्रवाई आरम्भ हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य केन्द्रीय कार्यालयों में हिन्दी का उत्तरोत्तर विकास करना तथा राजभाषा हिन्दी की प्रगति की ओर अग्रसर करने की दिशा में रहा ।

बैठक में उपस्थित सदस्यों के परिचय के साथ ही अर्द्धवार्षिक बैठक की कार्रवाई आरम्भ हुई। सदस्य-सचिव ने गत बैठक के कार्यवृत्त पर कोई आपत्ति एवं प्रतिक्रिया न मिलने पर अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन एवं सर्वसम्मति से गत बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

सदस्य-सचिव द्वारा प्रथम अक्टुबर, 2018 से 31 मार्च, 2019 के दौरान प्राप्त दोनों प्रगति रिपोर्टो की समीक्षा का संक्षिप्त ब्यौरा सदस्य कार्यालयों के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसमें विभिन्न कार्यालयों से प्राप्त प्रगति रिपोर्टे की स्थिति इस प्रकार है:-

1. कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक, के.रि.पु.बल, रेंज, जम्मू
2. रेशम अनुकूलन एवं परीक्षण गृह, वस्त्र परीक्षण प्रयोगशाला, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, मीरासाहिब, जम्मू
3. कार्यालय महानिरीक्षक, के.रि.पु.बल जम्मू सेक्टर, बनतालाब, जम्मू
4. राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू
5. कार्यालय कमाण्डेंट-166 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, न्यू.पी.सी.आर कैंप, सिदड़ा, जम्मू
6. 23 विंग, वायु सेना द्वारा 56 सेना डाकघर
7. कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा), जम्मू व कश्मीर, जम्मू
8. कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, के.रि.पु.बल, हीरानगर (नगरोटा) जम्मू
9. सेक्टर मुख्यालय, के.रि.पु. बल, बनतालाब, जम्मू
10. कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, के.रि.पु.बल, बनतालाब, जम्मू
11. रेलवे भर्ती बोर्ड, जम्मू-श्रीनगर, रेलवे कॉलोनी, जम्मू
12. केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, गाँधी नगर, जम्मू
13. अपर मंडल यातायात प्रबंधक, उत्तरी रेलवे, जम्मू तवी
14. कैंटीन भण्डार विभाग, क्षेत्रीय डिपो, बी.डी. बाड़ी, बड़ी ब्राह्मणा, जम्मू
15. पशुपालन, डेरिग एवं मत्सय पालन विभाग, क्षेत्रीय चारा उत्पादन एवं प्रदर्शन केन्द्र, गाँधी नगर, जम्मू
16. कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, उत्तरी कमान, नरवाल पाईं, सतवारी, जम्मू
17. कार्यालय महालेखाकार (ले.व.ह.), जम्मू व कश्मीर, जम्मू
18. राष्ट्रीय कैडेट कोर निदेशालय, जम्मू व कश्मीर, जम्मू
19. भारतीय समवेत औषध संस्थान, केनाल रोड, जम्मू
20. कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक, रेंज हीरानगर, के.रि.पु.बल, नगरोटा, जम्मू
21. क्षेत्रीय आयुर्वेदीय मूत्रविकार अनुसंधान संस्थान, राजेन्द्र नगर, बनतालाब, जम्मू

22. लेखा कर्यालय (पी) सम्पर्क द्वारा 56 सेना डाकघर
23. निदेशालय, रक्षा संपदा, उत्तरी कमान, सतवारी, जम्मू छावनी
24. कार्यालय छावनी परिषद, सतवारी, जम्मू
25. केन्द्रीय रेशम प्रौद्योगिकीय अनुसंधान संस्थान, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, मीरासाहिब, जम्मू
26. क्षेत्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान केन्द्र, के.रे.बो. परिसर, मीरासाहिब, जम्मू
27. सीमान्त मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, पलौड़ा कैम्प, जम्मू
28. कार्यालय महानिरीक्षक (चिकित्सा), चिकित्सा अधीक्षक, संयुक्त चिकित्सालय, के.रि.पु.बल, बनतालाब, जम्मू
29. प्रसार भारती, दूरदर्शन केन्द्र, जम्मू
30. केन्द्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबन्धन केन्द्र, नानक नगर, जम्मू
31. केन्द्रीय विश्वविद्यालय, बागला (राया-सूचानी), सांबा, जम्मू
32. केन्द्रीय विद्यालय, दमाना
33. केन्द्रीय विद्यालय, सुन्दरबनी
34. केन्द्रीय विद्यालय, नगरोटा, जम्मू
35. स्थानीय लेखा परीक्षा अधिकारी (कै.भ.वि.), जम्मू
36. कार्यालय क्षेत्रीय श्रमायुक्त (के.), जम्मू
37. राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, पश्चिमी हिमालयन, जम्मू

**सदस्य कार्यालयों की तिमाही प्रगति रिर्पोटों की समीक्षा के बाद निम्नलिखित मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा हुईः-**

1. जहां टंकण प्रशिक्षण, आशुलिपि प्रशिक्षण के लिए शेष हैं - सभी कार्यालध्यक्षों से अनुरोध किया गया कि वे प्रशिक्षण के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाएं और इन्हें शीघ्रातिशीघ्र प्रशिक्षण दिलाकर लक्ष्य की प्राप्ति कर लें।

2. धारा 3(3) के अनुपालन में सदस्य कार्यालयों की रिपोर्ट की समीक्षा के आधार पर पता चला है कि लगभग सभी कार्यालयों में धारा 3(3) का अनुपालन किया जा रहा है।

3. <u>हिन्दी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिन्दी में देना (100 प्रतिशत)</u>
   प्राप्त रिपोर्टो में पाया गया है कि अधिकांश कार्यालयों द्वारा हिन्दी में प्राप्त पत्रों के उत्तर अनिवार्यतः हिन्दी में ही दिए जा रहे हैं।

4. <u>मूल पत्राचार का लक्ष्य (55 प्रतिशत)</u>
   प्राप्त रिपोर्टो की समीक्षा के आधार पर पाया गया कि सभी कार्यालयों में हिन्दी मूल पत्राचार की स्थिति सन्तोषजनक रही। कुछेक कार्यालयों में मूल पत्राचार लक्ष्य 55 प्रतिशत तथा उससे ऊपर भी पाया गया।

संजय

5. <u>हिन्दी कार्यशाला आ आयोजन</u>
नियमित रूप से कार्यशालाओं का आयोजन लगभग सभी सदस्य कार्यालय कर रहे हैं। इनका यह प्रयास सराहनीय रहा है। सभी उपस्थित अधिकारियों से यह अनुरोध किया गया कि भविष्य में भी प्रत्येक तिमाही में हिन्दी कार्यशालाएं आयोजित करें।

6. <u>पत्र पत्रिकाओं का प्रकाशन</u> – राजभाषा कार्यान्वयन के लिए उपयुक्त वातावरण बनाने एवं अधिकारियों/कर्मचारियों में सृजनात्मकता का विकास करने के लिए पत्र पत्रिकाओं के प्रकाशन का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान हैं, इनका यह प्रयास सराहनीय है।

7. <u>हिन्दी पदों की स्थिति</u> – नराकास के सदस्य-कार्यालयों से यह भी अनुरोध किया गया कि हिन्दी से सम्बन्धित सभी रिक्त पदों को भर लिया जाए क्योंकि रिक्त पदों का प्रभाव राजभाषा कार्यान्वयन पर प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से हिन्दी कार्य पर पड़ता है। मानव संसाधन के अभाव में राजभाषा हिन्दी कार्यान्वयन में अपेक्षित गति प्राप्त नहीं कर पाता। जिन कार्यालयों में हिन्दी पद रिक्त पड़े है उन्हें इस सम्बन्ध में शीघ्र कार्यवाही कर उन पदों को भर लेना अनिवार्य है।

## राजभाषा नीति कार्यान्वयन के लिए निम्नलिखित पर कार्रवाई सुनिश्चित् करवाएं:-




1. श्री प्रमोद कुमार शर्मा, उप निदेशक (कार्या.), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, नई दिल्ली ने अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में राजभाषा नीति एवं कार्यान्वयन के संबंध में अपने बहुमूल्य विचार व्यक्त करते हुए मूत्रविकार अनुसंधान संस्थान, बनतालाब, जम्मू के कार्यो की प्रशंसा की और उन्होंने यह भी कहा कि हिन्दी सोफ्टवेयर राजभाषा की वेबसाइट पर 'कंठस्थ' सोफ्टवेयर अनुवाद हिन्दी में करने के लिए उपलब्ध है और प्रशिक्षण के लिए मोबाइल एप्प 'लीला' सोफ्टवेयर डाउनलोड करके 'कार्यसाधक', 'प्रबोध', 'प्रवीण' तथा 'प्राज्ञ' का प्रशिक्षण ले सकते हैं और उन्होंने यह भी बताया कि एक पत्र का कृपया एक ही जगह (गिनती) में शामिल करें व सही आंकड़े दें। उन्होंने बैठक में सभी सदस्य कार्यालयों को बताया कि तिमाही प्रगति रिपोर्ट गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्या-1(दिल्ली), ए-149, सरोजिनी नगर, नई दिल्ली को ऑनलाइन भेजी जाएं और उसकी एक प्रति नराकास, कार्यालय, को भी भिजवाएं।

श्री शर्मा ने यह भी कहा कि सभी कार्यालयों द्वारा ऑनलाइन रिपोर्ट भेजने के लिए पहले अपना पंजीकरण करवाना जरूरी है। यदि पंजीकरण में कोई परेशानी हो तो उसके लिए उन्होंने अपना दूरभाष 011-25674674 (दिल्ली) का नम्बर दिया है।

2. डॉ. आर.एल.मीना, हिन्दी प्राध्यापक, हिन्दी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, बबलिया, गंग्याल, जम्मू ने बताया कि अगला प्रशिक्षण कार्यक्रम सत्र अगस्त, 2019 से जनवरी, 2020 तक (प्रतिदिन 1 घंटा) आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए 19 अगस्त, 2019 से कक्षा गंग्याल में आरंभ होगी। उन्होंने सभी सदस्य कार्यालयों के अधिकारियों से निवेदन किया कि वह संबंधित कार्यालयों से इच्छुक कर्मचारियों को नामांकित करके इस प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु भेजें।

3. श्री रजनीश कुमार गुप्ता, लेखा उप नियंत्रक, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (उत्तरी कमान), संतवारी, जम्मू ने अपना विचार व्यक्त करते हुए बताया कि प्रमोद शर्मा जी ने जो बाते बताई उनको सदस्य कार्यालयों को ध्यान में रखकर काम करना चाहिए तभी लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है।

4. सुश्री संगीता पुर्सवानी, उपमहालेखाकार, कार्यालय महालेखाकार (ले. एवं ह.), जम्मू ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बताई की हिन्दी में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए और अधिकाधिक कार्य हिन्दी में करना चाहिए।

5. डॉ. वी.सी. दीप, प्रभारी सहायक निदेशक, क्षेत्रीय आयर्वेदीय मूत्रविकार अनुसंधान संस्थान, बनतालाब, जम्मू ने अपने संबोधन की शुरूआत स्व. श्री हरिवंश राय बच्चन द्वारा लिखित पंक्तियों से की। उन्होंने बताया कि वह केरल राज्य से हैं तथा कुछ समय पहले की जम्मू स्थानांतरण होकर आए हैं। चूंकि केरल में ज्यादा हिन्दी नहीं बोली जाती, उन्होंने जो भी थोड़ी बहुत हिन्दी बोलना सीखा है वह पिछले साल हिन्दी पखवाड़े के दौरान ही सीखा है। इस पर बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों ने डॉ. दीप के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। डॉ. दीप ने प्रमोद शर्मा जी के बताये हुए आदेशों/अनुदेशों का पालन करने के लिए सभी सदस्य कार्यालयों को उचित बताया ।

6. डॉ. शरद चन्द्र शर्मा, सहाचार्य, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थानम्, जम्मू ने हिन्दी भाषा को सरल एवं सरज भाषा में प्रयोग करने की बात कही तथा सुझाव दिया कि बैठक के कार्यवृत्त सभी सदस्य कार्यालयों को, चाहे उपस्थित हो या अनुपस्थित हो, अनिवार्य रूप से भेजे जाएं।



संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक एवं नराकास अध्यक्ष श्री रजनीश आनन्द जी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में सभी केन्द्रीय कार्यालयों के उपस्थित कार्यालय प्रमुख एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का संस्थान एवं नराकास की ओर से सबका हार्दिक अभिनन्दन किया। समिति के सभी सदस्य कार्यालयों के हिन्दी से संबंधित हिन्दी अधिकारियों, नोडल अधिकारियों एवं राजभाषा अधिकारियों से अनुरोध किया कि वह बैठक में खर्च होने वाले पैसे को समय समय से भिजवाएं ताकि पत्रिका का समय से प्रकाशन किया जा सके और हिन्दी का प्रचार-प्रसार नगर स्तर पर किया जा सके। उन्होंने सबसे अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा हिन्दी के कामों को अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर करें ताकि राजभाषा हिन्दी का कार्य दिन प्रतिदिन बढ़ता रहे।

अन्त में संस्थान के अनुभाग अधिकारी, श्री राजेश गुप्ता ने बैठक में अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित नराकास जम्मू के सभी केन्द्रीय कार्यालयों के कार्यालय प्रमुखों एवं नगर के प्रिन्ट व इलैक्ट्रानिक मीडिया के सभी संवाददाताओं का आभार सहित धन्यवाद किया।

संँजय

**सँजय शर्मा**
**सदस्य-सचिव, नराकास, जम्मू**

रजनीश

**रजनीश आनन्द**
**कृते अध्यक्ष**
**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू**